05/02/2024

आकाशवाणी ईटानगर

दिल्ली विधानसभा की सत्तर सीटों के लिए आज मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। अंतिम समाचार मिलने तक लगभग साठ प्रतिशत मतदान हुआ। उत्तर पूर्व जिले में सबसे अधिक करीब चौसठ प्रतिशत वोट डाले गए और दक्षिण पूर्व जिले में सबसे कम करीब चौवन प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किये थे। बाधा रहित मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदान केन्द्रों पर कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। मतगणना शनिवार को होगी। इस बीच तमिलनाडु की इरोड-पूर्व विधानसभा सीट और उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में भी मतदान हुआ।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज एक विकास बैठक के दौरान तवांग जिले में अपने मूल विधानसभा क्षेत्र मुक्तो के लोगों के लिए कई प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और समर्पण किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री खांडू ने कहा कि इससे कनेक्टिविटी और शिक्षा में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि प्रमुख परियोजनाओं में 12.50 किलोमीटर के क्षेत्र में डबल-लेन Lhou-Mukto रोड शामिल है। इसके अतिरिक्त, मुक्तो में विवेकानंद केंद्र विद्यालय की स्थापना की गई। श्री खांडू ने अपने पोस्ट में बताया कि वह एक मजबूत, आत्मनिर्भर मुक्तो के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज पैरा एथलीट तेची दातम को यूएई में शारजाह इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में एफ-44 पुरुष शॉट पुट स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मेन ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनकी अपार प्रतिभा और कड़ी मेहनत को उजागर करती है, बल्कि हमारे राज्य के सभी महत्वाकांक्षी एथलीटों को भी प्रेरित करेगी।

0000000000000000000000

कृषि मंत्री गेब्रियल डी वांगसू ने मंगलवार को लोंगडिंग जिले के निनु में 1875 के एंग्लो-वांचो युद्ध की 150वीं वर्षगांठ में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने, राज्य के गुमनाम नायकों की विरासत को संरक्षित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री चाउना मेन के नेतृत्व में गुमनाम नायकों पर राज्य कोर कमेटी का काम उनके पूर्वजों की कहानियों को प्रकाश में लाने में सराहनीय है। कार्यक्रम के तहत, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राज्य इकाई ने 3 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, जिसमें लोंगचान सर्किल एवं आस पास के ग्रामीणों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री दासांगलू पुल ने गत रविवार को अंजाव जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इसी के तहत, मंत्री ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंच में सुधार के उद्देश्य से एक नई सड़क के निर्माण की समीक्षा की जो बीआरओ रोड को कांदुन गांव से जोड़ेगा।

उन्होंने भारत के सबसे ईस्टर्नमोस्ट टाउन किबिथू में एनईसी पहल के तहत एक पर्यटक लॉज के निर्माण का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए आजीविका के अवसर भी पैदा होंगे। श्री पुल ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत किबिथू, काहो और मुसाई में अन्य विकास योजनाओं की भी समीक्षा की।

0000000000000000000000

एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत, कल जिला अस्पताल, आनिनी को अल्ट्रासाउंड मशीन सौंपी गई। इस अवसर पर विधायक मोपी मिहू, उपायुक्त पागली सोरा, एनएचपीसी के अधिकारियों और कई कार्यालय प्रमुखों की मौजूदगी रहें। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिले में अल्ट्रासाउंड मशीन की उपलब्धता से, रोगियों और गर्भवती महिलाओं की परेशानी काफी हद तक कम होने की उम्मीद है।

000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने कहा कि राज्य को शिक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। श्री सोना ने मंगलवार को राजीव गांधी विश्वविद्यालय के बयालीसवें स्थापना दिवस समारोह में विश्वविद्यालय परिसर में भाग लेते हुए यह बात कही। शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालय को सर्वांगीण विकास और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बनाने के लिए बधाई दी।

उन्होंने युवाओं से, खासकर विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले युवाओं से, सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाओं में जिम्मेदार और दूरदर्शी होने का आग्रह किया। उन्होंने मात्रा से ज्यादा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

0000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय छात्र संघ - आरजीयूएसयू ने कल शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अरुणाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, पासीघाट और राज्यभर के सरकारी कॉलेजों में मास कम्युनिकेशन और साइकोलॉजी सब्जेक्ट्स को शुरू करने का आग्रह किया गया हैं।

000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने आज और कल के लिए अरुणाचल प्रदेश के पंद्रह जिलों वेस्ट कामेंग, कुरूंग कुमे, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट सियांग, सियांग, अपर सुबनसिरी, शी-योमी, लेपारादा, लोअर सियांग, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, अंजाव और लोंगडिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

0000000000000000000